भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 5268

उत्तर देने की तारीखः 04.04.2022

तमिलनाडु में केंद्रीय विद्यालय

† 5268. श्री एम. सेल्वाराज :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु के नागापट्टिनम में एक नया केन्द्रीय विद्यालय खोलने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और (ख) नए केंद्रीय विद्यालयों (केवि) का खोला जाना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विद्यालयों को मुख्य रूप से रक्षा और अर्द्धसैनिक बलों के कार्मिकों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शिक्षण सस्थानों (आईएचएल) के कर्मचारियों सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को देश भर में एक समान शैक्षिक पाठ्यक्रम के माध्यम से पूरा करने के लिए खोला जाता है। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव पर तभी विचार किया जाता है यदि ये भारत सरकार के मंत्रालयों अथवा विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रायोजित हों, और नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए संसाधनों की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई हो। विभिन्न प्रयोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों, जो नए केंद्रीय विद्यालय खोलने संबंधी पूर्व-अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, को ऐसे अन्य प्रस्तावों के साथ 'चुनौती पद्धति' के तहत प्रतिस्पर्धा करनी होती है और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन होते हैं। केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि राज्य सरकार से तमिलनाडु के नागापट्टिनम में एक नया केवि खोलने के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। वर्तमान में, तमिलनाडु राज्य में 45 केवि कार्यात्मक हैं।

*****